महत्वपूर्ण एवं खास

नाबालिग प्रेमी जोड़े ने पेड़ में फांसी लगाकर दी जान

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से एक दुखद खबर प्रकाश में आयी है। यहां नाबालिग प्रेमी जोड़े ने गांव के जंगल पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे, और मंगलवार दोपहर घर से खाना खाकर निकले थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र की है। घटना के पूरे इलाके के शोक का माहौल है। आज सुबह परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, और मर्ग कायम कर मामले की तफ्तीश में जुटी है।

निजामुद्दीन से लौटे दोरनापाल के युवक की कोरोना रिपोर्ट आई निगेटिव

सुकमा (आरएनएस)। जिले के दोरनापाल में एक युवक के दिल्ली निजामुद्दीन से आने की सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम स्वास्थ्य विभाग के लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर युवक के तथा उसके परिवार के स्वस्थ जांच की कार्यवाही करते हुए उसे सोमवार को दोरनापाल में होम क्वारंटाईन किया गया था। जिसका सेंपल जांच के लिए मेकाज भेजा गया था। निजामुद्दीन से लौटे युवक का कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आया है। उल्लेखनिय है कि 06 मार्च को दिल्ली के निजामुद्दीन से दोरनापाल निवासी एक युवक के दोरनापाल लौटने के बाद इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं दी गई थी। युवक के आस पड़ोस के लोगों ने सूचना दिया। जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन एवं डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर युवक के तथा उसके परिवार के स्वस्थ जांच कर युवक का सेम्पल जांच के लिए भेजा गया था जगदलपुर मेडिकल कॉलेज से आई रिपोर्ट में युवक के कोरोना निगेटिव होने की जानकारी के बाद दोरनापाल के लोगों ने राहत की सांस ली है।

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। लाकडाउन के चलते इन दिनों शहर की सड़कें सुनसान हैं। जिसके चलते दोपहिया एवं चौपहिया वाहन चालक आये दिन तेज रफ्तार वाहन चलाकर दुर्घटना को अंजाम दे रहे हैं। खमतराई थाने से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम 6933 के ट्रक चालक द्वारा नंदकुमार चतुर्वेदी आयु 40 वर्ष पिता नारायण चतुर्वेदी जो गोंदवारा से अपने घर की ओर साइकिल पर जा रहा था उस पर तेज रफ्तार ट्रक चलाकर टक्कर मारा जिसके चलते उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। उक्त मामले में थाने ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए के तहत मामला कायम किया है।

राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की पेशी की तारीख 21 या उसके आगे की तिथि निर्धारित करने के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। लॉकडाउन की अवधि में वृद्धि के कारण राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की पेशी की तारीख 21 अप्रैल या उसके आगे की तिथि निर्धारित के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञातव्य है कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव को ध्यान में रखते हुए पूर्व में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की पेशी की तारीख 15 अप्रैल या उसके आगे की तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए गए थे, जिसे अब बढ़ा कर 21 अप्रैल या उसके बाद की तिथि निर्धारित करने को कहा गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने इस संबंध में सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टरों, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा राजस्व न्यायालय के समस्त पीठासीन अधिकारियों को इस संबंध में आज मंत्रालय महानदी भवन से निर्देश जारी कर दिए हैं।

शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर हुई जमकर पिटाई

रायपुर (आरएनएस)। लाकडाउन के चलते इन दिनों शराब भट्ठी बंद होने पर शराब की तस्करी में इजाफा हुआ है। गुढ़ियारी थाने से मिली जानकारी के अनुसार सुष्मिता पाडी आयु 39 वर्ष पति राजेंद्र पाडी के पुत्र संदीप पाडी से निवासी अन्ना चौक गुढ़ियारी के आरोपियों राजा काडी एवं उसके साथियों द्वारा फ्री में शराब पीने के लिए पैसा मांगा गया। प्रार्थिया के पुत्र द्वारा शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर आरोपियों ने उसका नुकीली लकड़ी से कूल्हे एवं जांघ में जोरदार चोट पहुंचाकर उसकी जमकर पिटाई की। उक्त घटनाक्रम पर प्रार्थिया की रिपोर्ट पर गुढ़ियारी थाने ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 327 के तहत मामला कायम किया है।

सीएम की पहल एवं निर्देशन में छत्तीसगढ़ के अन्य राज्यों में फंसे 64 हजार 416 श्रमिकों को पहुंचायी गई राहत

रायपुर (आरएनएस)। लॉकडाउन से प्रभावित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य राज्यों में फंसे प्रवासी श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल एवं निर्देशन में राज्य सरकार ने 14 अप्रैल शाम 4 बजे तक संकटग्रस्त 64 हजार 416 श्रमिकों को भोजन, ठहरने और चिकित्सा सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर उन्हें राहत पहुंचायी हैं। इनमें से जरूरतमंद छह हजार 556 श्रमिकों के खाते में तत्कालिक व्यवस्था के लिए लगभग 19 लाख 12 हजार रूपए भी जमा

करवाया गया है। छत्तीसगढ़ के श्रमिक देश के 20 अन्य राज्यों एवं चार केन्द्र शासित प्रदेशों में संकट की स्थिति में होने के संबंध में जानकारी मिली है।

श्रम विभाग के अधिकायरियों ने आज यहां बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संकटग्रस्त 6556 श्रमिकों को राहत पहुंचाने के लिए तात्कालिक व्यवस्था के रूप में जिला बेमेतरा के 4879 श्रमिकों के खाते में 15 लाख 45 हजार रूपए, मुंगेली जिले के 1483 श्रमिकों के खातें में एक लाख 73 हजार रूपए और कबीरधाम जिले के 194 श्रमिकों के खातें में प्रति श्रमिक 1000 रूपए की मान से एक लाख 94 हजार रूपए जमा कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा देश के अन्य राज्यों में श्रमिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों का दल गठित कर सतत् निगरानी की जा रही है। इसके लिए श्रम विभाग द्वारा राज्य स्तर पर हेल्पलाईन नम्बर 0771-2443809, 91098-49992, 75878-22800 सहित जिला स्तर पर भी हेल्पलाईन नम्बर स्थापित किए गए हैं। हेल्पलाईन नम्बर के माध्यम से प्राप्त श्रमिकों की समस्याओं को पंजीबद्ध कर तत्काल यथासंभव समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशन पर श्रम विभाग के सचिव श्री सोनमणी बोरा के मार्गदर्शन में अन्य प्रदेशों के स्थानीय प्रशासन से सतत् समन्वय कर श्रमिकों की समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि लॉकडाउन के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में संकटग्रस्त एवं जरूरतमंद श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 27 जिलों के श्रमिक 20 अन्य राज्यों एवं चार केन्द्र शासित प्रदेशों में फंसे होने की जानकारी मिली है। सबसे ज्यादा श्रमिक जम्मू में 15 हजार 855, महाराष्ट्र में 11 हजार 718, उत्तरप्रदेश में 10 हजार 365, तेलंगाना में 7 हजार 927, गुजरात में 5 हजार 599, और मध्यप्रदेश में एक हजार 686 श्रमिकों के फंसे होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसी प्रकार हिमाचाल प्रदेश में में 1 हजार 575, कर्नाटक में एक हजार 427, तमिलनाडू में एक हजार 404 तथा दिल्ली में एक हजार 228 श्रमिकों के फंसे होने की जानकारी हेल्पलाईन नम्बर सहित विभिन्न माध्यमों से मिली है। अधिकारियों में बताया कि लॉकडाउन के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में संकटग्रस्त अथवा फंसे हुए श्रमिकों में छत्तीसगढ़ के मुंगेली से छह हजार 144, कबीरधाम से पांच हजार 850, राजनांदगांव से पांच हजार 365, जांजगीर-चांपा से 11 हजार 159, बलौदाबाजार से 20 हजार 424, बेमेतरा से तीन हजार 559, रायगढ़ से दो हजार 112, बिलासपुर से चार हजार 129, सूरजपुर से 464, दुर्ग से एक हजार 187, बालोद से 332, गरियाबंद से 622, रायपुर से एक हजार 352 और कोरबा जिले से 327, महासमुन्द से 424 श्रमिक फंसे हुए है।

गुटका से भरी 6 बोरियों के साथ तीन गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। लॉकडाउन के दौरान तंबाकू, गुटका व सिगरेट की अवैध तस्करी करते तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगद 40 हजार रूपये सहित गुटका से भरी 6 बोरियां भी बरामद किया है, जिसकी कीमत लाखों में आंकी गयी है।

लॉकडाउन के दौरान शराब की अवैध तस्करी के साथ-साथ तंबाकू, गुटका व सिगरेट का अवैध कारोबार भी जोरो से चल रहा है। इससे जुड़े कारोबारी इन चीजों को दो से तीन गुना अधिक दामों पर चोरी छिपे बेच रहे है। धमतरी जिले के नगरी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के जंगलपारा वार्ड क्र.-6 में एक दुकान में दबिश दी। जिस समय दुकान में दबिश दी गई उस समय दुकान का मालिक निर्मल देवांगन अपनी दूकान से दो

ग्राहक अजीम बेग और सहादत अली निवासी गरियाबंद को भारी मात्रा में गुटका, तम्बाकू और सिगरेट बेच रहा था जिसे पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा और मौके से लाखों कीमत का गुटका भी जब्त किया गया। साथ ही 40 हजार नगद रूपये भी बरामद किया गया है। इस मामले में तीनो आरोपी के खिलाफ धारा 188 भादवि, कोटपा एक्ट धारा 20, 21 अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना नियंत्रण में, भर्ती 20 पॉजीटिव मरीजों में 04 हुए डिस्चार्ज

» वर्तमान में राज्य में 71495 लोग होम क्वारेंटीन में

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना एक बार नियंत्रण में है। पिछले 24 घंटे में यहां एक भी कोरोना से संक्रमित नया मरीज नहीं मिला है, जो प्रदेश के लिए राहत भरी खबर है। हालांकि कोरोना संक्रमित 20 मरीजों का उपचार एम्स रायपुर में चल रहा है, जिनमें 04 मरीजों के ठीक होने के बाद आज डिस्चार्ज कर दिया गया। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपना विडियो वायरल करते हुए मीडिया को दी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर द्वारा 15 अप्रैल को शाम 5 बजे तक जारी बुलेटिन में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 1773084 से बढ़कर 1844863 जा पहुंची है, वहीं इस महामारी से मरने वालों की संख्या भी 111652 से बढ़कर 117021 तक जा पहुंची है।

भारत देश की बात करें तो कोरोना वायरस से 32 राज्य प्रभावित है जिनमें संक्रमित मरीजों की संख्या पिछले 24 घंटे में 10815 से बढ़कर अब 11933 हो गई है, वहीं इस संक्रमण से मृतकों की संख्या 353 से बढ़कर 392 पहुंच गई है। यानी पिछले 24 घंटे के दौरान भारत में 39 और मरीजों की मौत हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो यहां अब तक कोरोना वायरस के कुल 5122 संभावित लोगों की पहचान कर सैंपल जांच किया गया है इनमें अभी तक 4878 परिणाम निगेटिव प्राप्त हुई है तथा 211 की जांच जारी है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना से संक्रमित सिर्फ 20 मरीज है जिनका एम्स रायपुर में चल रहा है। इनमें 04 मरीजों के पुरी तरह ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसकी पुष्टि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने की है। इसके बाद अब प्रदेश में सिर्फ 16 संक्रमित मरीज है। वहीं प्रदेश में मंगलवार तक 75837 लोग होम क्वारेंटीन में थे, जिनमें कमी आई है। प्रदेश में अब कुल 71495 लोग ही क्वारेंटीन में है।

छत्तीसगढ़ में मंगलवार को 1.90 लाख से अधिक जरूरतमंदों को दिया गया निःशुल्क भोजन

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर गरीबों और जरूरतमंद लोगों को भोजन एवं राशन की समस्या से उबारने के लिए बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई है। प्रदेश के सभी जिलों में गरीबों, मजदूरों और निराश्रित लोगों को निःशुल्क भोजन के साथ ही निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। इसके लिए राज्य भर में जगह-जगह राहत शिविर लगाए गए हैं।

प्रदेश में विगत मंगलवार 14 अप्रैल को एक लाख 90 हजार 835 जरूरतमंदों, श्रमिकों एवं निराश्रितों को निःशुल्क भोजन व राशन उपलब्ध कराया गया। इनमें 64 हजार 343 लोगों को भोजन, 68 हजार 442 लोगों को राशन वितरण और 58 हजार 50 लोगों को स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भोजन एवं खाद्यान्न वितरण शामिल है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मास्क, सेनेटाइजर एवं दैनिक जरूरत का सामान भी

जिला प्रशासन, रेडक्रॉस तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की सहयोग से जरूरतमंदों को मुहैया कराया जा रहा हैं। विगत 14 अप्रैल को स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से दो लाख 27 हजार 103 मास्क एवं सेनेटाईजर, साबुन आदि का वितरण जरूरतमंदों को किया गया हैं।

प्रदेश में विगत 14 अप्रैल मंगलवार को जिला प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से दुर्ग जिले में 81 हजार 681 लोगों को निःशुल्क भोजन एवं राशन प्रदाय किए जाने के साथ ही उन्हें कोरोना संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए मास्क एवं अन्य सामाग्री का वितरण किया गया है। इसी तरह सुकमा जिले में 646, राजनांदगांव जिले में 13 हजार 60, रायगढ़ जिले में 4 हजार 982, बस्तर जिले में 11 हजार 853, कांकेर जिले में 7 हजार 942, बीजापुर जिले में 250, जशपुर जिले में 540, कोरिया जिले में 8 हजार 581, सूरजपुर जिल में 1 हजार 718, बालोद जिले में 907, कबीरधाम जिले में 2 हजार 11, बलौदाबाजार जिले में 4 हजार 698, धमतरी जिले में 2 हजार 477, महासमुंद जिले में एक हजार 35, बलरामपुर जिले में 7 हजार 539, कोरबा जिले में एक लाख 27 हजार 76, सरगुजा जिले में 3 हजार 15, जांजगीर-चांपा जिले में 15 हजार 277, बिलासपुर जिले में 5 हजार 129, रायपुर जिले में 29 हजार 322, कोण्डागांव जिले में 2 हजार 155, दंतेवाड़ा जिले में 36 हजार 657, बेमेतरा जिले में 2 हजार 20, गरियाबंद जिले में 27 हजार 787, नारायणपुर जिले में दो हजार 48, मुंगेली जिले में 15 हजार 36 और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 2 हजार 496 जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन, राशन एवं अन्य सहायता उपलब्ध करायी गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने 6 शिविर लगाये, 746 घरों का भ्रमण किया गया

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और लगाए जा रहे शिविरों का आज संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सुभाष पाण्डेय रायपुर द्वारा अवलोकन किया गया।

संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं और मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मीरा बघेल द्वारा दिये गये निर्देश पर आज स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 746 घरों का भ्रमण किया गया है। शिविरों के माध्यम से 267 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 167 संभावित मरीज पाये गये। जिनका रक्त नमूना जांच हेतु लिया गया है। टीम द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान 2529 क्लोरिन टेंबलेट का वितरण किया गया।

130 मरीजों की जांच में 22 नये पीलिया के धनात्मक मरीज पाये गये है। जिला अस्पताल में अब तक कुल 116 मरीजों को भर्ती किया जा चुका है जिसमें अब तक 33 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें डिस्चार्ज किया जा चुका है। जिला अस्पताल में वर्त्तमान में 78 प्रभावितों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है।

दो दिनों में कोरोना के 7 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे

» 16 मरीजों का एम्स में इलाज जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मंगलवार और बुधवार का दिन राहत भरा रहा। इन दो दिनों में कोरोना वायरस से संक्रमित 7 मरीज पूर्णतः स्वस्थ हुए। सभी सातों मरीज एम्स से डिस्चार्ज होकर अपने घर चले गए हैं। राज्य में अभी कोरोना के 16 संक्रमित मरीज हैं, जिनका इलाज एम्स रायपुर में चल रहा है। सभी मरीजों की स्थिति में तेजी से सुधार जारी है।

छत्तीसगढ़ राज्य में 15 अप्रैल तक कोरोना वायरस के कुल 5122 संभावित व्यक्तियों की पहचान कर सैंपल जांच किया गया। अभी तक 4878 के परिणाम नेगेटिव प्राप्त हुए हैं तथा 211 सैंपल की जांच जारी है। एम्स रायपुर में इलाजरत कोरोना के मरीजों में से मंगलवार को तीन मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जा चुके हैं। आज बुधवार शाम को एम्स हॉस्पिटल से 4 मरीजों को स्वस्थ्य होने के बाद डिस्चार्ज होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई है।

राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए लॉकडाउन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के साथ ही विदेशों एवं अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आए लोगों सहित संक्रमितों के संम्पर्क में आए लोगों को क्वॉरंटीन किया गया है। राज्य में वर्तमान में 71 हजार 495 लोग होम क्वॉरंटाईन में है, जिनके स्वास्थ्य पर सर्विलेंस टीम द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

लॉकडाउन में सख्ती, 16 की शाम 5 बजे से 19 अप्रैल रविवार की शाम 5 बजे तक

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर डॉ एस भारती दासन ने 16 अप्रैल 2020 गुरुवार की शाम 5 बजे से 19 अप्रैल 2020 रविवार की शाम 5 बजे तक के लिए रायपुर जिले में अति आवश्यक प्रतिष्ठानों को छोड़ कर शेष गतिविधियों के संचालन पर रोक लगाने का आदेश दिया है। इस अवधि में मेडिकल दुकाने, मिल्क पार्लर,पेट्रोल पंप , एल पी जी गैस सिलिंडर की दुकाने और आन लाइन होम डिलीवरी सेवाएं खुले रहेंगी। इस अवधि में अर्थात 72 घंटे अनावश्यक रूप से घूमने और आने - जाने पर भी प्रतिबन्ध रहेगा और सब्जी बाजार, अन्य मार्केट, दुकानें बंद रहेंगी । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे कोरोना की रोकथाम एवं बचाव करने में हर संभव सहयोग करे और इस अवधि में अपने घरों में रहे।

राज्यपाल ने एम्स के नर्सिंग स्टाफ से बात कर हौसला अफजाई की

» आप हमारे सैनिक, मुझे आप लोगों पर गर्व है: उइके

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सु अनुसुईया उइके ने आज भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के आयुष आईसोलेशन वार्ड में कार्यरत नर्सिंग कर्मचारियों से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से बातचीत की और उनकी हौसला अफजाई की। इस वार्ड में कोरोना संक्रमित मरीजों को रखा गया है। राज्यपाल ने कहा

- मुझे आप लोगों पर गर्व है। आप लोग जिस समर्पण और सेवाभावना से कोरोना संक्रमण से प्रभावित मरीजों की सेवा कर रही हैं, उसकी जितनी सराहना की जाए, वह कम है। आप हमारे सैनिक हैं, जिस तरह देश की सीमा की रक्षा सैनिक कर रहे हैं, इसी प्रकार आप सभी इस संकट से पूरे मानव समाज की रक्षा कर रहे हैं। आप लोगों के मेहनत के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में अब तक 13 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर स्थिति में हैं। आप इसी तरह से कार्य करते रहिए, आप सभी को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

राज्यपाल ने कहा कि आप मरीजों का ख्याल रखें साथ ही साथ अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। चिकित्साकर्मियों की मदद से जल्द ही देश सहित छत्तीसगढ़ को कोरोना से मुक्त कर देंगे। राज्यपाल से एम्स की सहायक नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती शांति टोप्पो और वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी बी. मुरली कृष्णा, आशीष नागर, श्रीमती एशली माइकल, चिधाम्बर कुलकर्णी ने बात की। उन्होंने राज्यपाल को धन्यवाद दिया और कहा कि आपसे बातचीत करके काफी अच्छा लगा और इससे हम सबमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हम निश्चित ही कोरोना को हराकर रहेंगे और छत्तीसगढ़ को कोरोना से मुक्त करेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैल करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जन जातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU